# सविता समाज संस्था दीपावली स्नेह सम्मेलन संपन्न

**मुंबई –** सामाजिक राष्ट्रीय पंजीकृत संस्था सविता समाज संस्था के पदाधिकारी मुंबई में आयोजित सविता समाज संस्था (महाराष्ट्र) मुंबई द्वारा आयोजित 28 वां दीपावली स्नेह सम्मेलन में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। समारोह की अध्यक्षता कलेक्टर शर्मा प्रबंध निदेशक एमके इंडस्ट्रियल, मुख्य अतिथि रामयस खे. शर्मा प्रोप्राइटर राज फूड प्रोडक्ट, विशिष्ट अतिथियों में श्याम नारायण शर्मा जौनपुर, जियालाल शर्मा जौनपुर, विनय शर्मा दीप कवि एवं पत्रकार मुंबई, मधुबन शर्मा, श्याम शर्मा, अवधेश शर्मा, बाबूले शर्मा, सुनील





कुमार शर्मा, लोलारक शर्मा, सुनील श्रीवास्तव, छोटे लाल शर्मा संपादक कदम कदम पर, डॉ एस आर श्रीवास, श्रीमती आरती ठाकुर, श्रीमती चित्र पवार आदि उपस्थित थे। उपस्थित सभी अतिथियों का सम्मान अंग वस्त्र और तुलसी का पौधा देकर किया गया। संस्था के पदाधिकारियों में मोहन लाल शर्मा, एडवोकेट




नोटरी बीएम शर्मा, वरिष्ठ समाजसेवी एफ सी शर्मा, दिनेश श्रीवास्तव, नोटरी रमाशंकर शर्मा, रामकुमार वर्मा का विशेष सहयोग रहा। मंच का अभूतपूर्व संचालन संस्था के महामंत्री एवं प्रधानाचार्य रविंद्र शांतिलाल शर्मा ने किया।

दीपावली स्नेह सम्मेलन के सांस्कृतिक कार्यक्रम की शोभा गीतकार संजय शर्मा ने बढ़ाई। समारोह का शुभारंभ भगवान श्री गणेश और सविता ऋषि को पुष्प अर्पण, दीप प्रज्वलित करते हुए उनकी वंदना से किया गया।

कार्यक्रम में हल्दी कुमकुम का कार्यक्रम, जूनियर से लेकर उच्च कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रोत्साहन हेतु गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया।





**सभी आदरणीय मान्यवरों ने मेरी पोत्री स्वरा केजनमदीन पर आशीष, बधाई एवं शुभकामनाएं की जो स्नेह रूपी वर्षा की वह हमें मिली हुई ऊर्जा शक्ति है।। आपके स्नेह में हम ऋणी हैं, आपके आभार के लिए शब्द ही नहीं हैं मै आप सभी विनम्र ऋणी हूं।।**
**सौ लता अशोक पवार**
**अशोक लालचंद पवार**
**अध्यक्ष महाराष्ट्र प्रदेश श्री नारायणी सेना संगठन**

राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
RNI No.:MAHHIN/2014/55126

संरक्षक
**जे.पी.शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
मो.:०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
मो.:०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**श्रीमती कंचन यादव**
**(फैजाबाद, यू.पी.)**
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा (उप संपादक)**
**आर्थिक सलाहकार**
**सतीशचंद्र गुप्ता**
**पंकज (बबलू) यादव**
प्रतिनिधि
**अवनीश कुमार मिश्र**
**(उत्तर प्रदेश मुख्य संवाददाता)**
**सौरभ उमेशप्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
साज सज्जा :
**संतोष तिवारी**
(९७६८३६२०९१)
कानूनी सलाहकार
**एड. बी. एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
(मो.: ९४५२७९१५७०)
(न्याय क्षेत्र मुंबई)
सभी पद अवैतनिक हैं।
वाट्स एप नं. : ९८३३२३५०६३
Email : kadamkadampar1@gmail.com
पत्रिका में प्रकाशित सभी आलेख और समाचार लेखकों की अपनी राय है। इससे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

## साइलेंट किलर डायबिटीज, 70% लोगों को पता ही नहीं कि उन्हें ये रोग है


प.स.संवाददाता

**मुंबई:** डायबिटीज इन दिनों सबसे बड़ा साइलेंट किलर बनकर उभरा है। दुनिया में हर पांच सेकंड में एक व्यक्ति की डायबिटीज से मौत होती है। प्रत्येक ७० सेकंड में पैरों (डायबिटीज फुट) में होनेवाली बीमारी गैंगरीन के चलते एक टांग काटनी पड़ती है। दुनियाभर के डायबिटीज के मरीज को एक जगह इकट्ठा किया जाए तो यह आंकड़ा विश्व के तीसरे देश की आबादी के बराबर होगा। इससे बड़ी बात यह है कि ५० फीसदी से ७० फीसदी को यह पता ही नहीं है कि उन्हें डायबिटीज




है। ज्ञात हो कि पिछले साल दुनियाभर में डायबिटीज के कारण ६७ लाख लोगों की मौत हुई है, जो २०२० की तुलना में २२ लाख ज्यादा है। साल २०२० में डायबिटीज से ४५ लाख लोगों की मौतें हुई हैं। चिकित्सकों के मुताबिक लोगों में हृदय, किडनी, लीवर और नेत्र संबंधी तकलीफें हो रही हैं। गंभीर होने के बाद यह बीमारी लोगों को अपंगता की ओर ले जा रही है, वहीं जन्म लेनेवाले छह में से एक बच्चा गर्भावस्था के दौरान ही हाई ब्लड ग्लूकोज से प्रभावित होता है, जिसे हाइपरग्लाइसेमिया कहते हैं।

ऑर्थोपेडिक डॉ. सचिन भट ने कहा कि अनियंत्रित रक्त शर्करा के कारण हड्डियों और जोड़ों की भी समस्याएं हो रही हैं। डायबिटीज से पीड़ित लोगों की संख्या में वृद्धि हुई है। यह शरीर के हर अंग को प्रभावित कर सकता है। इसके अलावा डायबिटीज मरीजों को हड्डी और जोड़ों की समस्या देखने को मिल रही है।




नवीन शर्मा की आगामी फिल्म का पोस्टर, जिसकी सोशल मीडिया पर खूब स्तुति हुई, लोगों ने ढेर सारा स्नेह दिया। एक साक्षात्कार का वीडियो व्यक्तिगत साझा करते हुए श्री नवीन शर्मा जी ने जिसकी व्यापकता का जिक्र स्वयं किया है। आप हमारे समूह के सम्मानित सदस्य भी हैं। हम आगामी आने वाले फिल्म सिद्धिविनायक की सफलता की कामना करते हैं। भाई गाड़ दो अपने नाम का झंडा बॉलीवुड में,मुझे आप पर गर्व है। आप हमारे मित्र भाई हैं।

## 'नन्द युग' का समारोह पूर्वक विमोचन





दि.13.11.2022 को भक्त सेन बाग (नायी बाग ट्रस्ट) कमच्छा वाराणसी मे ए आई एम सी ई ए की वैचारिक क्रांति की वाहक सामाजिक वार्षिक पत्रिका 'नन्द युग' के अंक 7 वर्ष 2022 का समारोह पूर्वक विमोचन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष मा. रघुनाथ प्रसाद नन्द, राष्ट्रीय महासचिव मा. अवध राज नन्द, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मा. डॉ. सुबोध शर्मा, राष्ट्रीय विधि सलाहकार मा. रामशील शर्मा एड. मा. इंद्रजीत शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष यू. पी., मा. जिउत राम नन्द मंडल अध्यक्ष वाराणसी, प्रधान संपादक मा. एस के पी नन्द, मा. आदित्य नारायण सेन पूर्व प्रधान सम्पादक, अन्य गणमान्य अतिथियों एवं सामाजिक बंधुओ की गरिमामयी उपस्थिति मे किया गया. अध्यक्ष जी ने अपने उदबोधन मे कहा कि वैचारिक क्रांति ही सामाजिक क्रांति का आधार है. बगैर इसके राजनैतिक क्रांति की बात करना अन्धो के शहर मे आइना बेचने के समान है. उन्होंने समय से पत्रिका प्रकाशन हेतु प्रधान सम्पादक के प्रयासों की प्रशंसा भी की. राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि इसकी सार्थकता तभी है जब यह वैचारिक क्रांति की पत्रिका अधिकांश घरो तक पहुँचे. इसके लिए सभी साथियो को मिलजुल कर प्रयास करना होगा. विमोचन समारोह मे वाराणसी सहित आस पास के जिलों के काफी संख्या मे सामाजिक बंधुओ की उपस्थिति रही. समारोह मे मुख्य रूप से निम्नलिखित सामाजिक बंधुओ की भागीदारी रही. मा. बच्चे लाल नन्द संरक्षक वाराणसी. एड. विवेक शर्मा जिलाध्यक्ष वाराणसी, मार्कण्डेय शर्मा अध्यक्ष नायी बाग ट्रस्ट

इ. लल्लन शर्मा, राजेंद्र शर्मा, लक्षमेश्वर नाथ शर्मा,राजेंद्र शर्मा रामनगर, राधेश्याम नन्द, श्याम जी, रविशंकर शर्मा मंडल अध्यक्ष मिजार्पुर, जिउत राम नन्द मंडल अध्यक्ष वाराणसी, झारखंडे ठाकुर जिलाध्यक्ष गाजीपुर, घनश्याम शर्मा जिलाध्यक्ष चंदौली, लालता प्रसाद, रामप्रवेश शर्मा, आशीष शर्मा, दीपक कुमार शर्मा युवा साहित्यकार, सुनील शर्मा, केदार शर्मा, विनोद जी, मनीष शर्मा, लीलावती शर्मा, सोनू ठाकुर एड., राकेश शर्मा एड., मृगेश कुमार शर्मा इंजी., गोपाल शर्मा, कपिल मुनि ठाकुर, केदार नाथ शर्मा, रमाशंकर शर्मा, कैलाश शर्मा एड., रविंद्र शर्मा, पंकज शर्मा, कृष्ण लाल शर्मा, जयराम प्रसाद, चंद्र शेखर प्रसाद, आलोक शर्मा, रामकृष्ण, डॉ. भीखु राम, रमाशंकर एड., सुरेंद्र शर्मा जिलाध्यक्ष जौनपुर आदि. विमोचन समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता मा. रघुनाथ प्रसाद शर्मा नन्द राष्ट्रीय अध्यक्ष ने किया तथा कार्यक्रम का कुशल संचालन मा. एस के पी नन्द प्रधान सम्पादक नन्द युग ने किया.

